

# प्रभारी मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने जिले को दी सौगातें

**विकास कार्यों के लिए भूमिपूजन**







नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** प्रदेश के पर्यटन, संस्कृति और जिले के प्रभारी मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी मंगलवार को एक दिवसीय प्रवास पर खंडवा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा और खेल क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया और जिला पंचायत में समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**अस्पताल में गरीबों को मिलेगा निशुल्क भोजन, सेवा केंद्र का भूमिपूजन** -प्रभारी मंत्री लोधी ने जिला अस्पताल परिसर में लायंस क्लब द्वारा निर्मित होने वाले भोजन सेवा केंद्र के भवन का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा ही सबसे बड़ा पुण्य है। लायंस क्लब द्वारा मरीजों के परिजनों को निशुल्क भोजन उपलब्ध कराना एक सराहनीय पहल है। कार्यक्रम में सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने नर्सिंग दिवस की बधाई देते हुए नर्सों के समर्पण की प्रशंसा की।

**खेल मैदान विकास के लिए 80 लाख की सौगात-** प्रभारी मंत्री ने महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नीति आयोग द्वारा स्वीकृत 79.89 लाख रुपये की लागत से बनने वाले खेल मैदान का भूमिपूजन किया। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार लाड़ली लक्ष्मी और लाड़ली बहना जैसी योजनाओं के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने छात्राओं को मन लगाकर पढ़ने और सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं (लैपटॉप, स्कूटी, गणवेश) का लाभ उठाने की सीख दी।

**गर्मी में पेयजल और जल संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता-** जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में मंत्री लोधी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि ग्रीष्म ऋतु में ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति में कोई बाधा नहीं आनी चाहिए। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि खंडवा जिला जल संरक्षण में प्रदेश और देश में अव्वल बना रहे। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि वर्तमान में खंडवा जल संचय, जन भागीदार अभियान में प्रथम स्थान पर और नगर निगम टॉप 10 में शामिल है।

**अमानक बीज और गेहूं उपार्जन पर सख्त निर्देश** - खेती-किसानी के मुद्दों पर चर्चा करते हुए प्रभारी मंत्री ने बीज प्रमाणीकरण अधिकारी को हिदायत दी कि बाजार में किसी भी सूरत में अमानक बीज नहीं बिकना चाहिए। उन्होंने गेहूं और चना उपार्जन की समीक्षा करते हुए कहा कि खरीदे गए अनाज को तत्काल गोदामों में शिफ्ट किया जाए ताकि असमय वर्षा से फसल खराब न हो। उन्होंने उपार्जन केंद्रों पर किसानों की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखने के निर्देश दिए। कार्यक्रमों के दौरान सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, भाजपा जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, विधायक कंचन मुकेश तन्वे, विधायक नारायण पटेल, विधायक छाया मोरे, जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी सुदेश वानखेड़े, महापौर अमृता अमर यादव, कलेक्टर ऋषव गुप्ता, एसपी अगम जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित थे।

### प्रभारी मंत्री लोधी ने घटाया काफिले का आकार

वीआईपी दौरों के दौरान लंबे-चौड़े काफिलों को लेकर अक्सर उठने वाले सवालों के बीच मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने अपने भ्रमण के दौरान काफिले में केवल जरूरी वाहनों को शामिल करने के निर्देश दिए। मंगलवार को प्रवासपर पहुंचे श्री लोधी ने कलेक्टर ऋषव गुप्ता से कहा कि अनावश्यक वाहन काफिले का हिस्सा न बनें। बड़े काफिलों से जहां आम लोगों को यातायात में परेशानी होती है, वहीं ईंधन की भी अतिरिक्त खपत होती है।प्रभारी मंत्री ने जनभागीदारी से जुड़ा विषय बताते हुए कहा कि ईंधन बचत आज राष्ट्रीय आवश्यकता बन चुकी है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ईंधन संरक्षण संबंधी संदेश का उल्लेख करते हुए नागरिकों से भी अपील की कि वे अपने निजी वाहनों का उपयोग आवश्यकता अनुसार ही करें।

## नवभारत इम्पैक्ट

### 3 घंटे में कागजों पर तैयार आंगनवाड़ी भवन मामले में सीईओ ने दिए जांच के आदेश

नवभारत न्यूज़

**हरसूद।** जनपद पंचायत बलडी की ग्राम पंचायत मालूद में आंगनवाड़ी भवन निर्माण में हुए बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा होने के बाद प्रशासन पूरी तरह हरकत में आ गया है। नवभारत समाचार पत्र द्वारा इस सनसनीखेज मामले को प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद जिला पंचायत सीईओ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल उच्चस्तरीय जांच के आदेश दे दिए हैं। जिला पंचायत कार्यपालन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी गौड़ा ने इस पूरे मामले की जांच के लिए संबंधित जनपद सीईओ को मार्क कर दिया है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि पूरे मामले की विस्तृत जांच रिपोर्ट तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत की जाए। इस पूरे मामले में जिम्मेदारों की जादुई कार्यप्रणाली क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है क्योंकि सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 2 का निर्माण कार्य दोपहर 1.24 बजे शुरू हुआ और महज 3 घंटे बाद शाम 4.18 बजे उसे पूर्ण बताकर फोटो भी पोर्टल पर अपलोड कर दी गई। रिकॉर्ड के अनुसार इस असंभव कार्य के अगले ही दिन 18 अलग-अलग बिलों के माध्यम से 3 लाख 88 हजार रुपये की राशि भी निकाल ली गई, जबकि जमीनी हकीकत में मौके पर नींव तक पूरी तरह तैयार नहीं थी। ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच, सचिव और उपयंत्री की मिलीभगत से विकास कार्यों के नाम पर लगातार कागजी खेल खेला जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इसी पंचायत में पहले भी 10 लाख रुपये के सामुदायिक भवन निर्माण में फर्जी बिलों के जरिए भुगतान का मामला सामने आ चुका है। अब जिला पंचायत सीईओ द्वारा जांच के आदेश दिए जाने के बाद ग्रामीणों में दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की उम्मीद जगी है।

## प्रभारी मंत्री के दौरे से पहले नेता प्रतिपक्ष हिरासत में

### कांग्रेस की चेतावनी के बाद दो घंटे में रिहाई



नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** जिले के प्रभारी मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के खंडवा दौरे से पहले मंगलवार सुबह राजनीतिक माहौल गरमा गया। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष मुल्लु राठौर को कोतवाली पुलिस ने उनके निवास से हिरासत में लेकर थाने पहुंचा दिया।जानकारी के अनुसार सुबह करीब 9 बजे पुलिस बल राठौर के घर पहुंचा और उन्हें बिना स्पष्ट कारण बताए अपने साथ ले गया।

बताया जा रहा है कि प्रभारी मंत्री के कार्यक्रम के दौरान संभावित विरोध प्रदर्शन को रोकने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की गई। हिरासत में लिए जाने के बाद मुल्लु राठौर ने मोबाइल के माध्यम से सोशल मीडिया पर अपनी गिरफ्तारी की जानकारी साझा की। सूचना मिलते ही शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी कार्यकर्ताओं के साथ कोतवाली थाने पहुंच गईं। कांग्रेस नेताओं ने पुलिस प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि तत्काल रिहाई नहीं हुई तो शहरभर में चक्काजाम किया जाएगा।

कांग्रेस के बढ़ते दबाव और विरोध की चेतावनी के बीच पुलिस ने करीब दो घंटे बाद राठौर को रिहा कर दिया। बताया जा रहा है कि पहले उन्हें प्रभारी मंत्री के कार्यक्रम समाप्त होने तक थाने में ही रखने की तैयारी थी।रिहाई के बाद मुल्लु राठौर ने प्रशासन पर निशाना साधते हुए कहा कि वे प्रभारी मंत्री के सामने खंडवा-मूंदी मार्ग की बदहाल स्थिति, जिले के पिछड़े विकास और जनसमस्याओं को उठाना चाहते थे। उन्होंने यह भी सवाल खड़ा किया कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ईंधन बचत की अपील कर रहे हैं, तब मंत्री का बड़ा काफिला शहर में क्यों घूम रहा है।राठौर ने अपनी गिरफ्तारी को लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन बताते हुए कहा कि विपक्ष की आवाज दबाने के लिए प्रशासन सत्ता के दबाव में काम कर रहा है। वहीं इस पूरे घटनाक्रम के बाद शहर की राजनीति में माहौल और गर्मा गया है।

## हिन्दू महासभा ने गौवंश तस्करी के खिलाफ एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** अखिल भारत हिन्दू महासभा जिला खंडवा इकाई द्वारा मांधाता विधानसभा क्षेत्र के नर्मदानगर से सनावद मुख्य मार्ग पर कथित गौवंश तस्करी की शिकायत को लेकर पुनासा एसडीएम के माध्यम से जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन जिला कलेक्टर-पुलिस अधीक्षक के नाम प्रेषित करते हुए मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की गई।महासभा पदाधिकारियों ने ज्ञापन में आरोप लगाया कि क्षेत्र में बंद बॉडी एवं मालवाहक वाहनों के माध्यम से गौवंश की अवैध तस्करी की जा रही है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से शनिवार, रविवार और सोमवार को ऐसी गतिविधियां अधिक देखने को मिल रही हैं। संगठन ने यह भी आरोप लगाया कि तस्करी में फर्जी दस्तावेजों का उपयोग किया जा रहा है।ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रदेश प्रवक्ता योगेश राजपूत, जिला महामंत्री गौरव राजपूत, जिला उपाध्यक्ष राहुल राजपूत एवं पुनासा मंडल अध्यक्ष लोकेश यादव सहित संगठन के अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।संगठन ने प्रशासन से क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने, संदिग्ध वाहनों की नियमित जांच करने और गौवंश तस्करी में संलिप्त लोगों पर वैधानिक कार्रवाई करने की मांग की है। महासभा ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन आंदोलन करेगा।

## मिट्टी की मूर्ति निर्माण सम्बंधी प्रशिक्षण के लिए आवेदन 18 से

नवभारत न्यूज़

**खण्डवा ।** स्टार ग्रामीण रोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा भगवान श्री गणेश एवं लक्ष्मी जी की मिट्टी की मूर्ति निर्माण के सम्बंध में 7 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण 18 मई से प्रारंभ होगा। इस प्रशिक्षण के लिए खण्डवा जिले के ग्रामीण क्षेत्र के गरीब व प्रजापति समाज के उम्मीदवारों का ऑनलाइन पंजीयन आरसेटी संस्थान में किया जा रहा है।

आरसेटी के निदेशक ने बताया कि प्रशिक्षण के लिए इच्छुक आवेदक 17 मई तक संस्थान में अपना ऑनलाइन पंजीयन अवश्य करवा सकते हैं तथा 18 मई से प्रशिक्षण में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षार्थियों के लिए चाय और भोजन की नि:शुल्क व्यवस्था रहेगी। इच्छुक आवेदकों के पास आधार कार्ड, समग्र आईडी, बैंक पासबुक, जाति प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज के 5 फोटो और अंक सूची होना आवश्यक है। अधिक जानकारी के लिए हरसूद नाका, एनवीडीए कॉलोनी, सिविल लाइन खण्डवा स्थित स्टार ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, आरसेटी कार्यालय में कार्यालयीन समय में कार्य दिवसों में सम्पर्क किया जा सकता है।

## जहां रोज हो रहे हादसे, वहां पहुंची पुलिस-इंजीनियरों की टीम





नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** शहर में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं के बाद अब प्रशासन और यातायात पुलिस एक्शन मोड में नजर आ रही है। पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में सोमवार को यातायात पुलिस और एमपीआरडीसी की संयुक्त टीम ने शहर के चिन्हित ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण किया और दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए कई अहम निर्देश जारी किए।उप पुलिस अधीक्षक यातायात अनिल कुमार राय, एसडीओ राहुल चौहान और यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र सिंह परिहार ने माता चौक से रामनगर मार्ग और चिराखदान से टीठिया जोशी पुल तक के संवेदनशील मार्गों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सड़क की बनावट, तेज रफ्तार वाहनों का दबाव, खराब स्पीड ब्रेकर, रोड मार्किंग की कमी, अंधेरे वाले हिस्सों, झाड़ियों और संकेतकों की स्थिति का जायजा लिया। लगातार हो रहे हादसों को देखते हुए अधिकारियों ने तत्काल सुधार कार्य शुरू करने के निर्देश दिए।यातायात विभाग ने स्पष्ट किया कि दुर्घटना संभावित स्थलों पर नए साइन बोर्ड, रोड मार्किंग, कैट आई, उचित प्रकाश व्यवस्था और स्पीड कंट्रोल के इंतजाम किए जाएंगे। वहीं एमपीआरडीसी अधिकारियों को सड़क संरचना में जरूरी तकनीकी बदलाव जल्द लागू करने के निर्देश दिए गए हैं।पुलिस अधिकारियों ने कहा कि इन सुधार कार्यों का उद्देश्य केवल ट्रैफिक व्यवस्थित करना नहीं, बल्कि लोगों की जान बचाना है।

प्रशासन ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे यातायात नियमों का सख्ती से पालन करें, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाएं, हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य उपयोग करें तथा ओवरलोड वाहनों में यात्रा करने से बचें।

## अपनी ही पार्टी के अध्यक्ष के खिलाफ धरने पर कांग्रेस पार्षद





नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** छनेरा नया हरसूद नगर परिषद में कथित भ्रष्टाचार और आर्थिक अनियमितताओं को लेकर सियासी बवाल खड़ा हो गया है। कांग्रेस समर्थित वार्ड-10 के पार्षद अर्जुन सिंह राजपूत ने अपनी ही पार्टी के नगर परिषद अध्यक्ष मुकेश सुंदरलाल वर्मा के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए मंगलवार से एसडीएम कार्यालय हरसूद के सामने आमरण अनशन शुरू कर दिया।

पार्षद अर्जुन सिंह राजपूत ने आरोप लगाया है कि नगर परिषद में निर्माण कार्यों, खरीदी और भुगतान में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है। उनका कहना है कि पिछले डेढ़ साल में वे 24 से अधिक शिकायतें सीएमओ, एसडीएम, कलेक्टर, नगरीय प्रशासन विभाग, मंत्री और मुख्यमंत्री मोहन यादव तक कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।पार्षद ने आरोप लगाया कि सौर ऊर्जा पोल बाजार मूल्य से कई गुना अधिक कीमत पर खरीदे गए। साथ ही वेल्डिंग, मोटर रिपेयरिंग, मुरूम सप्लाई और जेसीबी उपयोग के नाम पर फर्जी बिल लगाकर लाखों रुपए निकाले गए। मच्छरनाशक छिड़काव और फॉगिंग के नाम पर भी भुगतान होने का आरोप लगाया गया है, जबकि जमीनी स्तर पर काम नहीं हुआ।उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि नगर परिषद निधि से निजी कॉलोनियों में सड़क, बिजली और पानी जैसी सुविधाएं विकसित कराई गईं, जबकि नियमानुसार यह खर्च कॉलोनाइजर को उठाना चाहिए था।अर्जुन सिंह राजपूत का कहना है कि भ्रष्टाचार के मुद्दे उठाने के बाद परिषद बैठकों में उन्हें पद से हटाने का दबाव बनाया गया। उन्होंने प्रशासन पर संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए कहा कि कार्रवाई नहीं होने के कारण उन्हें आमरण अनशन का रास्ता अपनाना पड़ा।पार्षद ने चेतावनी दी कि यदि अनशन के दौरान कोई अनहोनी होती है तो इसकी जिम्मेदारी नगर परिषद अध्यक्ष और प्रशासन की होगी। वहीं मामले ने नगर परिषद की राजनीति में हलचल बढ़ा दी है।

## मांधाता विधायक करेंगे 2 .33 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

**20 लाख रुपये से बनेगा नर्मदा परिक्रमावासियों के लिए भवन**

नवभारत न्यूज़

**खंडवा। मांधाता क्षेत्र के विकास को नई ऊंचाई देने के उद्देश्य से विधायक नारायण पटेल द्वारा बुधवार को विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के दौरान कुल 2 करोड़ 33 लाख रुपये की लागत वाले प्रोजेक्ट्स की आधारशिला रखी जाएगी।**

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे मूंदी से होगी जहाँ राजपूत समाज के लिए 15.49 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया जाएगा। इसके पश्चात सुबह मूंदी में ही नर्मदा परिक्रमा वासियों की सुविधा हेतु 20 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का शुभारंभ होगा।

सुबह 10.00 बजे मूंदी की राठौर धर्मशाला में 8 लाख रुपये की लागत से टीन शेड निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा

इसके बाद विधायक पीपलकोटा पहुँचेंगे जहाँ सुबह आदिवासी समाज हेतु राम मंदिर के पास 10 लाख रुपये की लागत वाले सामुदायिक भवन का भूमिपूजन होगा। पश्चात मूंदी में बुखारदास बाबा मंदिर प्रांगण में 20 लाख रुपये के टीन शेड और मंदिर के पास ही 1.35 करोड़ रुपये की भारी लागत से बनने वाले शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का भूमिपूजन संपन्न होगा।

दोपहर गोंडखेड़ा में बुखारदास बाबा मंदिर और स्कूल के पास 25 लाख रुपये की लागत से टीन शेड निर्माण कार्य की नींव रखी जाएगी। इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं से क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

**एक नजर** | **विद्यार्थियों को महाविद्यालयीन शिक्षा के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से**

## कॉलेज चलो प्रवेश मेला लगा, 170 विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा





नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार विद्यार्थियों को महाविद्यालयीन शिक्षा के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से मंगलवार को सीएम राइज शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला छैगांवमाखन में कॉलेज चलो प्रवेश मेले का आयोजन किया गया। आयोजन माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय खंडवा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनय जैन ने कहा कि शासन की मंशा है कि ग्रामीण अंचल का कोई भी विद्यार्थी उच्च शिक्षा से वंचित न रहे। यदि विद्यार्थी कॉलेज तक नहीं पहुंच पा रहे हैं, तो कॉलेज स्वयं गांव-गांव पहुंचकर उन्हें प्रवेश दिलाने का कार्य करेगा। इसी उद्देश्य से प्रदेशभर में विकासखंड स्तर पर प्रवेश मेलों आयोजन किया जा रहा है।मेले में छात्र-छात्राओं को करियर काउंसलिंग, विषय चयन, ई-प्रवेश प्रक्रिया तथा मध्यप्रदेश शासन की विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास विषय पर भी मार्गदर्शन दिया गया। प्रथम चरण में छात्राओं के लिए प्रवेश नि:शुल्क रखा गया। कार्यक्रम में करीब 170 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।प्रवेश संबंधी जानकारी डॉ अर्चना मुजमेर एवं डॉ. अंतिमा कनेरिया ने दी। विद्यार्थियों की काउंसलिंग प्रो मीनू पटेल और रश्मि झा द्वारा की गई। साक्षात्कार की जिम्मेदारी प्रो. कामिनी बघेल और प्रो समीर खान ने निभाई। रजिस्ट्रेशन कार्य प्रो अंशुल खत्री चौहान ने किया, जबकि ई-प्रवेश प्रक्रिया प्रो. रजाक मंसूरी, प्रो. नितीशा चौरसिया एवं सनोज महिकाल द्वारा संपन्न कराई गई।

## स्कूल और आंगनवाड़ियों में मिलेगा साफ पानी, किट वितरित



नवभारत न्यूज़

**खण्डवा ।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले के स्कूलों एवं आंगनवाड़ियों के पेयजल परीक्षण की कार्यवाही की जा रही है। पेय जल परीक्षण के लिए पंचायतों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को फील्ड टेस्टिंग किट बांटी जा रही हैं।

कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग वर्षा शिवपुरे ने बताया कि ग्राम मथेला, बिजोराभील, लडवाड़ा, नागचून, पिपलिया तहार, सोनखेड़ी, निशानिया मॉल, दमदमा, भवानिया, मंजाधड़, बोरीसराय, सड़ियापानी सरकार और सुरगांव निपानी ग्रामों में पंचायतों को एफटीके किट वितरण कर पेयजल की गुणवत्ता परीक्षण के सम्बंध में प्रशिक्षण भी दिया गया। पीएचई की कार्यपालन यंत्री शिवपुरे ने बताया कि इस किट के माध्यम से पेयजल की गुणवत्ता का परीक्षण पीएच वैल्यू, फ्लोराइड की मात्रा, पानी की हार्डनेस, आयरन, अमोनिया की मात्रा जैसे 10 पैरामीटर्स के सम्बंध में परीक्षण कर सकते हैं।